(3) खान और बीड़ी श्रमिको के लिए कण्ठरोग राहत की योजना के तहत उन निकायो, सगठनों आदि को सहायता अनुदान की अदायगी की जाती है जो रोगियों को अंतरग या वहिरंग चिकित्सा सुविधाए और निर्वाह भत्ता देते है।

(4) कैन्सर से पीडित खान और बीडी श्रमिको के इलाज की वास्तविक लागत की प्रतिपूर्ति की योजना के अधीन खान और बीडी श्रमिको द्वारा किसी मान्यताप्राप्त अस्पताल में कैन्सर के इलाज पर किए गए इलाज, दवाइयों और भोजन खर्च की प्रतिपूर्ति, आश्रितो को निर्वाह भत्ता और रोगी तथा उसके परिवार को यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता की अदायगी करने की व्यवस्था है ।

(5) मानसिक रोगो से पीडित खान/बीड़ी श्रमिको के इलाज के लिए सुविधाएं देने की योजना के तहत कल्याण निधि से चिकित्सीय इलाज निर्वाह भत्ता की अदायगी, रेल भडा, भोजन खर्च और परिवार को अदायगी आदि के प्रति हुए खर्च की अदायगी की जाती है।

आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि

2514. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या आतकवादी गतिविधियां केवल पंजाब और दिल्ली तक ही सीमित है अथवा ये गतिविधिया देश भर में फैलती जा रही हैं और एक नया मोड ले रही हैं ; और

(ख) क्या सरकार पुलिस प्रशिक्षण की प्रणाली में तदनुकूल सुधार करने की किसी योजना पर विचार कर रही है ; यदि हा, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) ऐसी गतिविधिया कुछ अन्य राज्यो से भी सूचित की गई है ।

(ख) राज्यो/सघ शासित क्षेत्रो के पुलिस कार्मिको के प्रशिक्षण के लिए विभिन्न आतंकवादी-विरोधी पाठ्यक्रम आयोजित किए गए है ।

वृक्ष संरक्षण योजना

2515. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ-साथ वृक्ष सरक्षण योजना भी क्रियान्वित करने का विचार है, यदि हा, तो इस योजना का प्रारूप क्या है ; और

(ख) क्या वृक्ष सरक्षण कार्य में ग्राम पंचायत की मदद ली जायेगी और क्या इस प्रयोजन के लिये उन्हे वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मेडम आर० अंसारी) : (क) जी नही, वनीकरण कार्यक्रम के लिये पृथक से कोई पौध संरक्षण परियोजना नही है । तथापि, आवश्यकता के आधार पर कतिपय वनीकरण परियोजनाओ में कृमिनाशियों/कीटनाशियो के प्रयोग के लिये व्यवस्था की जाती है । पशुओ से पौधो को बचाने के लिये वनीकरण क्षेत्रो में चौकीदारी की व्यवस्था की जाती है ।

(ख) गावों के आस-पास के इलाको मे गाव की सामुदायिक भूमि और वृक्षविहीन वन भूमि पर लगाए गए वृक्षो की सुरक्षा और उनकी देखभाल में ग्राम पंचायतो को शामिल करने के लिए राज्यो को निदेश दिए गए है । परन्तु इस उद्देश्य के लिए उन्हें वित्तीय सहायता देने की कोई परियोजना नहीं है ।

राजभाषा अधिनियम का कार्यान्वयन

2516. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रिजर्व बैंक को सभी राष्ट्रीयकृत बैंको मे राजभाषा, हिन्दी के योग प्रसार प्रचार कार्य का प्रभारी बनाया गया है ;